CMYK

# भीलवाड़ा फोकस


भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 143 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार ,11 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


# लाल किले के पास दिल्ली दहली, कार ब्लास्ट में 8 की मौत, 24 घायल; पूरे उत्तर भारत में हाई अलर्ट



**भीलवाड़ा फोकस @ नई दिल्ली।**

राजधानी दिल्ली में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसे ने पूरे देश को हिला दिया। लाल किले के पास फोर्ट मेट्रो स्टेशन गेट नंबर-1 के बाहर खड़ी एक i-20 कार में हुए जोरदार धमाके में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 24 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ब्लास्ट इतना भीषण था कि आसपास खड़ी गाड़ियों के शीशे चकनाचूर हो गए और सड़क पर शवों के अंग बिखर गए। दिल्ली पुलिस, एनएसजी और एनआईए की टीमें घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई हैं।

## शाम 6:52 बजे हुआ धमाका, सड़क पर मचा हड़कंप

दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा के अनुसार, धमाका शाम 6:52 बजे हुआ। कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह उड़ गया। आसपास के लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले तेज धमाके की आवाज से इलाके में अफरातफरी मच गई। मौके पर पहुंचे प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया जब हम दौड़कर पहुंचे तो सड़क पर शरीर के टुकड़े बिखरे थे, कई कारों में आग लग चुकी थी, लोग चीख रहे थे। यह दृश्य शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

## गृह मंत्री पहुंचे एलएनजेपी अस्पताल, पीएम ने ली रिपोर्ट

धमाके की जानकारी मिलते ही गृह मंत्री अमित शाह ने मौके का जिम्मा खुद संभाला। वे पहले एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। शाह ने कहा, यह आतंकी साजिश हो सकती है या तकनीकी विस्फोट-सभी एंगल से जांच जारी है।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमित शाह से बात कर पूरी घटना की जानकारी ली और राहत-बचाव कार्य में तेजी के निर्देश दिए।

## इलाके की घेराबंदी, फॉरेंसिक टीम जुटी जांच में

फोर्ट मेट्रो स्टेशन और आसपास का पूरा इलाका सील कर दिया गया है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम मौके से सैंपल इकट्ठा कर रही है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिए हैं। एनआईए और एनएसजी की टीमें भी जांच के लिए पहुंच गई हैं।

## देशभर में हाई अलर्ट

धमाके के बाद दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, मॉल और धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## जांच में जुटी एजेंसियां, सवाल अब भी बरकरार

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, कार में सिलेंडर या विस्फोटक सामग्री होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल विस्फोट की प्रकृति की पुष्टि नहीं हुई है। शुरुआती जांच में इसे संभावित आतंकी हमला भी माना जा रहा है।

## स्थानीयों की मांग सुरक्षा बढ़ाई जाए"

घटनास्थल के पास रहने वाले लोगों ने प्रशासन से कहा कि लाल किला और फोर्ट मेट्रो जैसे संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा किया जाए।

एक स्थानीय निवासी ने कहा यह जगह देश की पहचान है, यहां विस्फोट होना बहुत बड़ा अलार्म है।

# छह साल से फरार 5 हजार रुपए का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिला पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए छह वर्ष से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया की बीती 18 फरवरी को जगदीश प्रसाद पुत्र रामस्वरूप पारीक, निवासी आजाद नगर, के साथ शाम करीब 7:30 बजे दो युवकों ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर लूट की वारदात की थी। जिसका पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की ।

घटना की जांच के दौरान पुलिस ने एक आरोपी राजू उर्फ राजमल पुत्र जगदीश खटीक, निवासी दौलतगढ़ थाना आसींद को गिरफ्तार किया था, जबकि उसका एक अन्य साथी फरार हो गया था। फरार आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की कई टीमों ने लगातार प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हज़ार रुपए का इनाम घोषित किया था।

लंबे समय तक फरार रहने के बाद, पुलिस की निगरानी, मुखबिरों की सूचना और तकनीकी सहायता से आरोपी की लोकेशन का पता लगाया गया। बीती 10 नवंबर को जिला स्पेशल टीम और थाना सदर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इनामी अपराधी राजू उर्फ राजमल निवासी दौलतगढ़, आसिन्द को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# अंता उपचुनाव में थमा शोर, अब मतदान की जंग बाकी: 15 प्रत्याशी मैदान में, नरेश मीणा ने बनाया मुकाबला दिलचस्प

### आज होगा मतदान, 14 को आएगा नतीजा

**भीलवाड़ा फोकस @ बारां।**



अंता विधानसभा उपचुनाव में प्रचार थमते ही राजनीतिक पारा शांत जरूर हुआ, लेकिन सियासी हलचलों की धड़कनें अब और तेज हो गई हैं। कस्बों और गांवों की गलियों में अब सिर्फ एक ही चर्चा है-कौन मारेगा मैदान, कांग्रेस-भाजपा या निर्दलीय नरेश मीणा?

11 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले मतदाता चुप हैं, लेकिन उनके मन में उठ रहे सवालों ने दोनों बड़ी पार्टियों की नींद उड़ा दी है।

यह अंता सीट का पहला उपचुनाव है। पिछले परिसीमन के बाद यहां चार बार चुनाव हुए-दो बार भाजपा और दो बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की। लेकिन इस बार समीकरण पूरी तरह उलझे हैं। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा दोनों दलों के वोट बैंक में सेंध लगाते दिख रहे हैं। भाजपा समर्थक कह रहे हैं कि नरेश मीणा कांग्रेस को कमजोर करेंगे, जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का तर्क है कि नरेश दोनों पार्टियों के वोट बराबर बांट देंगे।

राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, अंता विधानसभा में मीणा, धाकड़, माली और ओबीसी समाज का वर्चस्व है, जबकि जीत का असली गणित किसान और व्यापारी तय करेंगे।

काशीपुरा निवासी कृष्णमुरारी मालव का कहना है-हमारा समाज परंपरागत रूप से भाजपा को वोट करता आया है, लेकिन इस बार नरेश मीणा के समर्थकों की सक्रियता ने कई गांवों का माहौल बदल दिया है।

**मुद्दे जो पलटते रहे मतदाताओं का मन**

अंता, सीसवाली और मांगरोल ये तीन शहरी केंद्र इस चुनाव में निर्णायक साबित हो सकते हैं। किसानों में फसलों के नुकसान और मुआवजे की देरी को लेकर नाराजगी थी, हालांकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के त्वरित आश्वासन ने कुछ राहत दी है।

वहीं व्यापारी वर्ग, जो परंपरागत रूप से भाजपा का कोर वोटर माना जाता है, इस बार असमंजस में दिख रहा है। सीसवाली के ग्रामीण कहते हैं की वैश्य समाज के उम्मीदवार के कारण कांग्रेस इस बार भी व्यापारी वोटरों में सेंध लगा रही है।

**जातीय समीकरण और मौन मतदाता**

अंता में जातीय संतुलन इस चुनाव को और पेचीदा बना रहा है। करीब 30% मतदाता परंपरागत वोटिंग पैटर्न पर टिके हैं, लेकिन बाकी अभी भी अपने फैसले को लेकर मौन हैं। ठीकरिया गांव के रविकांत कुमावत कहते हैं। मीणा समाज जातीय एकता के साथ खड़ा है, पर बाकी वर्गों का रुख अंतिम दो दिन में तय होगा।

**उम्मीदवारों का रिपोर्ट कार्ड**

प्रमोद जैन भाया कांग्रेस - धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सक्रिय, लेकिन भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के आरोपों से घिरे।

मोरपाल सुमन भाजपा - साफ-सुथरी छवि वाले, सरल व्यक्तित्व; परंतु लोगों के बीच नया और अपेक्षाकृत अनजान चेहरा।

नरेश मीणा निर्दलीय - युवा नेतृत्व और जनसंपर्क में माहिर, लेकिन एक समाज तक सीमित माने जा रहे।

# निकाय-पंचायत चुनावों में फिर उठी शिक्षित जनप्रतिनिधि की मांग: सरकार में मतभेद, असमंजस बरकरार

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**



राजस्थान में एक बार फिर निकाय और पंचायतीराज चुनावों में शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य करने को लेकर सियासी सुगबुगाहट तेज हो गई है। सरकार के उच्च स्तर पर इस पर मंथन तो जारी है, लेकिन एकमत न बनने से मामला फिलहाल ठंडे बस्ते में है। सवाल वही पुराना है क्या जनप्रतिनिधि के लिए पढ़ा-लिखा होना जरूरी है या जनता के अनुभव और जनसंपर्क को ही सबसे बड़ा 'डिग्री' माना जाए?

दरअसल, प्रदेश में यह बहस नई नहीं है। वसुंधरा राजे सरकार ने 2015 में निकाय और पंचायतीराज चुनावों में शैक्षणिक योग्यता लागू की थी, जिसे गहलोत सरकार ने 2019 में हटा दिया था। अब एक बार फिर यही मुद्दा सियासी गलियारों में गरमा गया है।

सूत्रों के मुताबिक, कई बीजेपी नेताओं और सामाजिक संगठनों ने सरकार से मांग की है कि पंचायत और शहरी निकायों में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तय की जाए। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने भी पुष्टि की कि दोनों पक्षों की बात चल रही है-कुछ लोग योग्यता अनिवार्य करने के पक्ष में हैं, तो कुछ का मानना है कि इससे अनुभवी लेकिन कम पढ़े-लिखे जनप्रतिनिधियों का रास्ता बंद हो जाएगा।

राजे सरकार के समय लागू प्रावधानों के तहत वार्ड पंच के लिए कोई योग्यता नहीं थी, लेकिन सरपंच के लिए आठवीं पास और टीएसपी क्षेत्रों में पांचवीं पास होना जरूरी था। वहीं, पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्यों के लिए दसवीं पास तथा निकाय पार्षदों और प्रमुखों के लिए भी दसवीं पास होना अनिवार्य किया गया था।

बीजेपी खेमे का तर्क है कि पंचायतों में सरपंच वित्तीय दस्तावेजों और चेक पर हस्ताक्षर करते हैं, इसलिए शिक्षित प्रतिनिधि भ्रष्टाचार और गलत फैसलों से बचा सकते हैं। कई बार ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जब सरपंचों को पता नहीं होता कि उन्होंने किस दस्तावेज पर सिग्नेचर किए और बाद में जेल तक जाना पड़ा।

वहीं, विरोधी पक्ष का कहना है कि यह प्रावधान जमीनी नेताओं के लिए अनुचित है। उनके अनुसार, अगर विधायक और सांसद बनने के लिए कोई शैक्षणिक योग्यता जरूरी नहीं है, तो पंचायत या निकाय स्तर पर भी ऐसी बाध्यता नहीं होनी चाहिए।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह मुद्दा एक बार फिर राज्य की सियासत में केंद्र बिंदु बन सकता है। बीजेपी समर्थक गुट जहां इसे सुशासन की दिशा में जरूरी कदम बता रहे हैं, वहीं विपक्ष इसे लोकतंत्र में आमजन की भागीदारी पर 'प्रतिबंध' मान रहा है।

सरकार ने अभी इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है, लेकिन अंदरखाने चर्चा है कि चुनावी वर्ष नजदीक आते ही यह मुद्दा फिर से राजनीतिक हथियार बन सकता है। फिलहाल प्रदेश में माहौल शिक्षा बनाम अनुभव की बहस से गर्म है।


' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ


# अवैध ग्रेवल परिवहन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**



क्षेत्र में बढ़ते अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। राजगढ़ के समीप ग्रेवल से भरे दो डंपर पकड़े गए, जिन्हें मौके पर ही जब्त कर थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया। कार्रवाई का नेतृत्व बिजौलिया खनिज विभाग के माइनिंग फोरमैन गिरिराज मीणा और जितेंद्र भारद्वाज ने किया। विभाग को पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। सोमवार को संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलते ही टीम ने त्वरित दबिश दी और दोनों डंपरों को नियंत्रण में लिया। माइनिंग फोरमैन गिरिराज मीणा ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन पर सख्ती से रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी है। जब्त वाहनों के खिलाफ खनिज नियमों के तहत कार्रवाई की जा रही है।


CMYK

# तेज रफ्तार बनी खतराः बेकाबू स्कॉर्पियो खारी नदी में गिरी, बाल-बाल बचे सवार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

गुलाबपुरा में सोमवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब तेज रफ्तार से दौड़ती एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर खारी नदी में जा गिरी। हादसे के बाद कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन गनीमत रही कि गाड़ी में सवार सभी लोग सुरक्षित रहे।

थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर करीब तीन बजे यह हादसा हुआ। बताया गया कि यूपी नंबर की स्कॉर्पियो नदी की रपट पार कर रही थी, तभी अचानक चालक ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सीधे नदी में जा गिरी। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्रेन मंगवाकर गाड़ी को बाहर निकलवाया गया। हादसे के



समय गाड़ी में दो से तीन लोग सवार थे, जो समय रहते बाहर निकल गए। पुलिस के अनुसार, फिलहाल किसी ने घटना को लेकर रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि स्कॉर्पियो की रफ्तार तेज थी और रपट पर फिसलन होने के कारण गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि खारी नदी की यह रपट बारिश के बाद फिसलन भरी हो जाती है, जिससे अक्सर वाहन फिसल जाते हैं। उन्होंने प्रशासन से रपट पर सुरक्षा रेलिंग और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे रोके जा सकें।

# अधर में लटका सीसी रोड निर्माण, धूल, गड्ढे और लापरवाही से जनता बेहाल

## छह माह से ठप पड़ा काम, ठेकेदार गायब दुकानदारों और राहगीरों की सांसें अटकीं

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

कस्बे के मालीपुरा से नेशनल हाइवे कट तक बन रही करीब एक किलोमीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण कार्य पिछले छह माह से अधर में लटका हुआ है। डीएमएफटी फंड से दो करोड़ रुपये की स्वीकृति के बाद 26 अप्रैल को जोर-शोर से काम शुरू हुआ था, लेकिन कुछ ही दिन बाद ठेकेदार ने पुरानी सड़क की गिट्टी उखाड़कर अचानक काम बंद कर दिया। इसके बाद से सड़क धूल और गड्ढों का ढेर बन गई है।

दिनभर उड़ती धूल से राहगीर परेशान हैं, वहीं दुकानदारों का कहना है कि गिट्टी उछलने से कई बार ग्राहकों और



बच्चों को चोटें लग चुकी हैं। दुपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर गिर रहे हैं, जबकि भारी वाहनों की आवाजाही से हालत और भी बदतर हो चुकी है। धूल के गुबार से लोगों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी है।

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि निर्माण कार्य रुकने के बाद से हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। बार-बार शिकायत करने के बावजूद सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। लोगों का कहना है कि विभागीय उदासीनता और ठेकेदार की मनमानी से पूरा इलाका परेशान है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार ने जानबूझकर काम बीच में ही छोड़ दिया, जिससे पुरानी सड़क की खुदाई के बाद अब लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। दिन में एक बार भी पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है, जिससे धूल का बवंडर दुकानों, घरों और खाने-पीने की चीजों तक पहुंच रहा है।

स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य तुरंत शुरू कराया जाए और ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए। साथ ही सड़क पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कर राहत दिलाई जाए।

# पैयजल संकट से राहतः समाजसेवी दैवराज भाट ने भगवानपुरा में लगवाई पानी की मोटर

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

(गजानंद जोशी )। पण्डेर कस्बे के भगवानपुरा गांव में लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या से अब राहत मिली है। समाजसेवी दैवराज भाट ने सार्वजनिक कुएं में पानी की मोटर लगाकर जलापूर्ति शुरू करवाई।

गांव में जलदाय विभाग की पाइपलाइन होने के बावजूद पानी नहीं आने से ग्रामीण खासकर महिलाएं परेशान थीं। नई मोटर लगने से अब पर्याप्त पानी मिलने लगा है।

कार्यक्रम में बाबूलाल भाट, देवलाल भाट, वार्डपंच प्रकाश भाट, कैलाश गाडरी, रामकिशन गाडरी, भैरूलाल गुर्जर, गोपाल भाट सहित अनेक



ग्रामीण मौजूद रहे।

दैवराज भाट ने कहा कि ग्रामीण विकास और जनसेवा उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीणों ने उनके इस कार्य के लिए आभार जताया और सराहना की।

# कोटड़ी में साक्षरता आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

**राजेंद्र 'बबलू' पोखरना**

ब्लॉक के बीरधोल स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रिटिकल लाइफ स्किल्स, फाउंडेशन व न्यूमैरेसी विषय पर एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई।

मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक ने साक्षरता कार्यक्रम के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने, उल्लास एप में रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने और विद्यालयों को परंपरा नहीं, नियमों के आधार पर संचालित करने की बात कही। उन्होंने भामाशाहों को विद्यालय की आवश्यकताओं की पूर्ति में



सहयोग देने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र अग्रवाल ने महिला साक्षरता बढ़ाने और परिवारों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने पर जोर दिया।

आरपी अनिल कुमार बांगड़ ने सरकार की विभिन्न योजनाओं, गणित विषय के पायलट प्रोजेक्ट और अर्धवार्षिक परीक्षा आयोजन की जानकारी दी।

ब्लॉक साक्षरता समन्वयक शांतिलाल पोखरना ने सूचना सम्प्रेषण, उल्लास एप में ऑनलाइन प्रक्रिया व ब्लॉक में संचालित केंद्रों की जानकारी साझा की। केआरपी नरसी स्वामी ने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पर विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन केआरपी भंवर गोविंद सिंह ने किया, जबकि पीईओ विंदु प्रभा शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मॉडल स्कूल प्रधानाचार्य महावीर भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्र सिंह गेगाकाखेड़ा, दुर्गा शंकर शर्मा, डॉ. ज्ञानी जाट, सुनील कुमार डिडवानिया और प्रधानाध्यापक किशन सिंह राठौड़ सहित कई शिक्षाविद उपस्थित रहे।

# कोटड़ी वृताधिकारी सुरेश कुमार डाबरिया ने कार्यभार संभालने के बाद ली पहली समीक्षा बैठक

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारीक ।** कोटड़ी वृताधिकारी सुरेश कुमार डाबरिया ने कार्यभार संभालने के बाद सोमवार को पहली बार वृत कार्यालय पर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण से संबंधित विस्तृत जानकारी ली।

वृताधिकारी डाबरिया ने पुलिस अधिकारियों से क्षेत्र में हो रही अपराधिक गतिविधियों, गश्त व्यवस्था एवं लंबित मामलों की प्रगति पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बैठक में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम पर भी विशेष रूप से चर्चा हुई। वृताधिकारी ने निर्देश दिए कि बिना नंबर प्लेट वाले वाहन, ओवरस्पीड व शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सड़क सुरक्षा को प्रभावी बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए क्षेत्र में निरंतर सतर्कता, गश्त एवं समन्वय बनाए रखा जाए।

इस दौरान पारोली थाना प्रभारी प्रभाती लाल मीणा, कोटड़ी थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा, काछोला थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# बनास बचाओ आंदोलन में नया मोड़ः आरएलपी नेता लादूलाल गोदारा के पहुंचते ही खनन माफिया में मचा हड़कंप



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के आकोला बनास नदी क्षेत्र में अवैध बजरी दोहन के विरोध में चल रहा बनास बचाओ आंदोलन सोमवार को 15वें दिन भी जोश और एकजुटता के साथ जारी रहा। चांदगढ़ में धरना स्थल पर सुबह से ही हलचल बढ़ गई, जब यह खबर फैली कि नागौर से आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल के निर्देश पर आरएलपी नेता लादूलाल गोदारा पहुंचने वाले हैं।

यह सुनते ही खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। ठेकेदारों ने जल्दबाजी में जेसीबी मशीनें और ट्रैक्टर नदी से बाहर निकाल दिए। दोपहर में कोटड़ी तहसीलदार सुरेंद्र सिंह चौधरी और माइनिंग विभाग के सहायक अभियंता सुनील सन्नाढय भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगें उच्च स्तर तक पहुंचाई जाएंगी और अवैध खनन बंद कराया जाएगा।

हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने नाराजगी जताते हुए कहा अब जब दबाव बना है, तभी अफसर दौरे पर आए हैं, पहले क्यों नहीं आए?

धरने में मौजूद लादूलाल गोदारा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हम इस लड़ाई में आपके साथ हैं, दो-चार दिन और डटे रहो, फिर हनुमान बेनीवाल खुद आकर आपको न्याय दिलाएंगे।


इसी दौरान फोन पर हनुमान बेनीवाल ने भी माइक के ज़रिए आंदोलनकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा यदि प्रशासन ने आपकी मांगें नहीं मानीं, तो मैं खुद धरना स्थल पर आकर भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करवाऊंगा और आपको न्याय दिलाऊंगा।

बेनीवाल के संदेश और गोदारा के समर्थन से आंदोलनकारियों में नई ऊर्जा और उम्मीद की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने ऐलान किया कि अब या तो न्याय मिलेगा या संघर्ष और तेज होगा। रात्रि को मौके पर मौजूद अधिकारियों ने मंगलवार को कमेटी गठन का आश्वासन दिया।

# श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 16 से 22 नवंबर तक

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

नगर में आगामी 16 से 22 नवंबर तक धार्मिक माहौल और भक्ति रस का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। काष्ठ परिवार एवं नगरवासी मांडलगढ़ के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा की तैयारियां जोरों पर हैं। अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय शाहपुरा



के संत रमता राम महाराज के शिष्य श्रव्य संत दिग्विजय राम महाराज के पावन श्रीमुख से नगर में कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4:30 बजे तक स्वास्तिक वाटिका, अहिंसा सर्किल, नई आबादी, मांडलगढ़ में आयोजित होगी। नगरवासियों में इस आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है।



## QUICK BITES

### बूथ लेवल अधिकारी ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाताओं से घर-घर जाकर गणना- प्रपत्र वितरित किए

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव ):-** क्षेत्र के गौरा का खेड़ा,बिरमियास में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम ( Special Summary Revision ) के तहत बूथ लेवल अधिकारी ( BLO ) कालु लाल शर्मा गांव में घर-घर जाकर मतदाताओं की गणना-प्रपत्र वितरित कर रहे हैं । इस दौरान बीएलओ प्रत्येक मतदाता परिवार से आवश्यक जानकारी लेकर दोनों प्रपत्रों को भरवा रहे हैं, जिनमें से एक प्रपत्र की प्रति रसीद के रूप में मतदाता के पास सुरक्षित रहेगी । बीएलओ पिछले वर्ष की मतदाता सूची का मिलान करते हुए नए मतदाताओं का पंजीकरण, नामों में संशोधन तथा स्थानांतरित या मृत मतदाताओं की एंट्री हटाने की प्रक्रिया कर रहे हैं । ग्रामीणों से अपील हैं कि वे 4 दिसंबर से पहले आवश्यक विवरण भरकर बीएलओ को सौंपें, ताकि बिना किसी परेशानी के उनका नाम मतदाता सूची में शामिल या अपडेट किया जा सके । इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आगामी चुनावों में गांव का हर पात्र मतदाता सटीक और अपडेटेड मतदाता सूची में दर्ज हो सके ।

### जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के कबड्डी में बनकाखेड़ा ( कोटड़ी ) उप विजेता

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव ):-** क्षेत्र की श्री विवेकानंद उच्च प्राथमिक विद्यालय बनकाखेड़ा की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अपना परचम फहराते हुए कबड्डी को छात्र वर्ग में उपविजेता बनी । विद्यालय के संस्थापक शंकरलाल जाट ने बताया कि राउमावि रसदपुरा, बिजोलिया में आयोजित की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 11 वर्ष छात्र-छात्रा के कबड्डी का फाइनल का मुकाबला कोटड़ी ब्लॉक ( बनकाखेड़ा ) बनाम बिजौलियां ब्लॉक के बीच खेला गया, जिसमें बिजौलियां ब्लॉक की टीम 36-29 से विजेता रही, वही कोटड़ी ब्लॉक का प्रतिनिधित्व कर रही, श्री विवेकानंद उच्च प्राथमिक विद्यालय बनकाखेड़ा की टीम ने फाइनल मुकाबले में उप विजेता बनी । वही टीम के स्टार खिलाड़ी मानसून चौधरी को बेस्ट रेडर चुने गए । टीम के विद्यालय पहुंचे पर विद्यालय स्टाफ व ग्रामीणों ने खिलाड़ियों को बधाई दी ।।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# विधायक ने बाकरा विद्यालय में 1 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।

पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाकरा में सोमवार को जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा के मुख्य आतिथ्य में करीब 1 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान कौशल किशोर शर्मा ने की।

प्रधान शर्मा ने कहा कि शिक्षा ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है, और प्रयास रहेगा कि जहाजपुर क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में पूरे राजस्थान में नंबर एक बने।



मुख्य अतिथि विधायक मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनेक योजनाएं लागू की जा रही हैं, साथ ही योग्य एवं प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय है, इसलिए शिक्षकों को चाहिए कि वे न केवल विद्यालय में बल्कि घर-घर जाकर भी विद्यार्थियों की स्थिति की जानकारी लें।

ग्रामीणों की मांग पर विधायक मीणा ने विद्यालय के प्रार्थना स्थल पर टीन शेड डोम सहित अन्य विकास कार्यों की घोषणा भी की।

कार्यक्रम का संचालन प्रकाश सालवी ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अभय सिंह मीणा , उपप्रकाशक सत्यनारायण शर्मा, सोजीराम मीणा , धर्मचंद मीणा , रामेश्वर मीणा , जीएसएस अध्यक्ष रामकुमार मीणा , पूर्व सरपंच राकेश खटीक सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# गुरुद्वारा खोलने की मांग को लेकर सिंधी समाज का प्रदर्शन, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

## सिंधी समाज ने कहा आस्था के केंद्र को आम श्रद्धालुओं के लिए खोला जाए, निजी संपत्ति बोर्ड हटाने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचंद पेसवानी ।** नगर के त्रिमूर्ति स्मारक स्थल पर स्थित शहर के एकमात्र गुरुद्वारे को आम जनता के लिए खोलने की मांग को लेकर सोमवार को सिंधी समाज ने शांतिपूर्ण लेकिन जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में समाज के पुरुष, महिलाएं और बच्चे हाथों में तख्तियां लिए ÷गुरुद्वारा खोलो÷ और ÷धार्मिक स्थलों पर कब्जा बंद करो÷ के नारे लगाते हुए गुरुद्वारे के बाहर एकत्र हुए। बाद में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर ताले खुलवाने और धार्मिक उपासना की अनुमति देने की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि यह गुरुद्वारा समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां बीते 50 वर्षों से सिंधी समुदाय के लोग आराधना, गुरुवाणी और संगत करते आ रहे हैं। परंतु कुछ समय से शाहपुरा के एक मात्र सिख परिवार ने गुरुद्वारा परिसर पर ताला लगाकर श्रद्धालुओं का प्रवेश रोक दिया है। समाज ने आरोप लगाया कि उक्त परिवार ने वहां ÷निजी संपत्ति÷ का बोर्ड लगाकर इसे अपने कब्जे में लेने की कोशिश की है, जो धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम है।



समाज का कहना है कि नगर पालिका शाहपुरा द्वारा यह भूमि विशेष रूप से गुरुद्वारा निर्माण के लिए आवंटित की गई थी और इसका पट्टा ÷गुरुद्वारा शाहपुरा÷ के नाम से जारी हुआ था, जिससे यह सार्वजनिक धार्मिक स्थल है। बावजूद इसके, एक परिवार द्वारा इसे निजी संपत्ति बताना न केवल अनुचित है बल्कि धार्मिक अधिकारों का हनन भी है। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर शांति से अपनी भावना व्यक्त की, वहीं युवाओं ने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की। सिंधी पंचायत अध्यक्ष मोहनलाल लखपतानी ने कहा कि ÷यह गुरुद्वारा पूरे नगर की आस्था का प्रतीक है, इसे किसी की निजी संपत्ति घोषित करना अस्वीकार्य है।÷ सचिव ओम सिंधी ने चेतावनी दी कि ÷यदि प्रशासन ने शीघ्र समाधान नहीं किया तो समाज को आंदोलन तेज करना पड़ेगा। इस अवसर पर लीलाराम वासवानी, हरिश मतलानी, ईश्वरदास लछ्वानी, गोविंद वासवानी, चेतन चंचलानी, नारायणदास, परशुराम सामतानी, राजकुमार वासवानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि गुरुद्वारा को आम जनता के लिए खोला जाए ताकि धार्मिक सौहार्द और भाईचारा बरकरार रहे।

### गुरुद्वारा से धार्मिक दस्तावेज चोरी, दो व्यक्तियों पर मामला दर्ज

शहर के त्रिमूर्ति चौराहे पर स्ड्डिथत ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब में रखे धार्मिक दस्तावेजों के गायब होने का भी मामला सामने आया है। इस संबंध में शाहपुरा निवासी सिम्मी रणजीत कौर पत्नी गुरविंदर सिंह ने दो व्यक्तियों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कौर ने आरोप लगाया कि उनकी अनुपस्थिति में गुरुद्वारे की जिम्मेदारी संभाल रहे दो लोगों ने अलमारी में रखे सभी दस्तावेज चुरा लिए। कौर ने बताया कि गुरुद्वारा शाहपुरा का एकमात्र ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है, जिसकी स्थापना उनके पूर्वजों द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि कुछ समय पूर्व पारिवारिक कारणों से उन्हें शहर से बाहर जाना पड़ा, इसलिए उन्होंने हरीश मतलानी पुत्र किशनलाल मतलानी और लोकेश लछ्वानी पुत्र ईश्वरलाल लछ्वानी, दोनों निवासी शाहपुरा, को गुरुद्वारे की सेवा और देखभाल की जिम्मेदारी सौंपी थी। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारे की चाबियाँ भी दोनों को दे दी थीं। कौर ने बताया कि गुरुद्वारे की अलमारी में महत्वपूर्ण धार्मिक और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज रखे हुए थे। जब वह 6 नवंबर को वापस लौटीं और अलमारी खोली, तो सभी दस्तावेज गायब मिले। आसपास पूछताछ करने पर कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर लिखित रिपोर्ट दी। सिम्मी कौर ने संदेह जताया कि चाबियाँ उन्हीं दोनों व्यक्तियों के पास थीं, इसलिए यही लोग दस्तावेज गायब करने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने पुलिस से शीघ्र जांच कर दस्तावेज बरामद करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने मामले कि जाँच शुरू कर दी है।

# गणेश जी को दिया शपथग्रहण समारोह का न्योता, सफलता की कामना के साथ हुई शुरुआत

## राजस्थान पत्रकार परिषद भीलवाड़ा की कार्यकारिणी ने पारंपरिक विधि से किया आयोजन का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राजस्थान पत्रकार परिषद की जिला कार्यकारिणी के शपथग्रहण एवं सम्मान समारोह की शुरुआत सोमवार को धार्मिक उल्लास और पारंपरिक विधि-विधान के साथ हुई। परिषद के पदाधिकारियों ने रोडवेज डिपो स्थित गणेश मंदिर पहुंचकर प्रथम पुज्य भगवान गणेश जी को निमंत्रण पत्रिका अर्पित कर आयोजन की सफलता की कामना की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश जीनगर ने बताया कि परिषद



की महिला सदस्याएं पारंपरिक परिधान में पूजा की थाल, पुष्पहार और मोतीचूर के लड्डू लेकर गणेश मंदिर पहुंचीं। वहां सभी ने भगवान गजानंद के भजनों के साथ श्रद्धापूर्वक न्योता अर्पित किया और कार्यक्रम के मंगलमय संपन्न होने की प्रार्थना की।

इस दौरान रेखा सांखला, नीलू आसेरी, सुनीता आसेरी, हेमलता पंवार, मधु लोढ़ा, संगठन की कोषाध्यक्ष सुनीता शर्मा, यूनेस्को एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष व समाजसेवी चेतन मानसिंहका, मुकेश चौहान, संजय चौहान और निरंजन जीनगर सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# वाइब्स क्लब की रेड कार्पेट पार्टी में संगीत, नृत्य और फैशन का जलवा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

वाइब्स क्लब द्वारा आयोजित रेड कार्पेट पार्टी ने भीलवाड़ा शहर में उत्साह और आकर्षण का नया रंग भर दिया। चेयरपर्सन डॉ. अर्चना अग्रवाल और अध्यक्ष ज्योति आर्या ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सदस्यों के बीच पारिवारिक संबंधों को मजबूत करना और यादगार पल साझा करना था।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मधु नागपाल और श्वेता बत्रा रहीं। संचालन दीपांजली और सुरभि चोपड़ा ने किया, जबकि रोमांचक गेम्स का संचालन मनीषा मेहता ने किया। अवार्ड सेरेमनी में फैशन आइकॉन महिला का खिताब कृडोली नैनावटी, हरिता मलानी, श्वेता जैन और श्वेता भाटिया को मिला। फैशन आइकॉन पुरुष बने अनिल जागेटिया और विवेक संगतानी, जबकि पावर पैक कपल का खिताब मेघा माहेश्वरी को मिला। कार्यक्रम में क्लब की बड़ी संख्या में सदस्याओं ने भाग लिया और रेड कार्पेट पर अपनी स्टाइलिश उपस्थिति से माहौल को फिल्मी अंदाज में सजा दिया।

# माण्डलगढ़ माहेश्वरी सभा के चुनाव में नगर अध्यक्ष पद पर रमेश सोमानी निर्विरोध निर्वाचित

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

नगर माहेश्वरी सभा के सम्पन्न हुए चुनाव में रमेश चंद्र सोमानी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। चुनाव अधिकारी पुष्पेंद्र काबरा,सत्यनारायण नराणीवाल ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए केवल रमेश चंद्र सोमानी का ही नामांकन प्राप्त हुआ, जिसके चलते उन्हें निर्विरोध चुना गया हैं।

निर्वाचन परिणाम घोषित होने पर सभा सदस्यों ने सोमानी का माल्यार्पण कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं।



अध्यक्ष पद पर निर्वाचित रमेश चन्द्र सोमानी को चुनाव अधिकारी सत्यनारायण नारानीवाल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

नव गठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष सत्यनारायण लड्ढा, राजकुमार कास्ट, कोषाध्यक्ष मुकेश झवर, मंत्री भगवान काबरा, सह मंत्री सुरेश मूंदड़ा, संगठन मंत्री हेमंत तुरकिया, प्रचार मंत्री अनिल सोनी सहित 11 कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

इस मौके पर माहेश्वरी सभा तहसील अध्यक्ष मानसिंह मुंदडा, पँचायत समिति प्रधान जितेंद्र मुंदड़ा,निवर्तमान अध्यक्ष सत्य नारायण भंडारी, गोर्वधन लाल झवर , भगवती गट्टाणी,जीवन असावा, विनोद सोनी सहित समाज जन मौजूद रहे ।

# नई अरणी ग्रामवासियों ने शराब का ठेका हटाने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(किशन वैष्णव)** ग्राम नई अरणी के ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम सुनील कुमार मीणा को ज्ञापन सौंपकर बाईपास स्थित देशी व अंग्रेजी शराब के ठेके को तत्काल हटाने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि ठेका आबादी क्षेत्र से मात्र 200 मीटर की दूरी पर संचालित है, जिससे असामाजिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। शराबियों द्वारा महिलाओं से अभद्रता और छेड़छाड़



की घटनाएं हो रही हैं, साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने से कई सड़क हादसे भी हो चुके हैं। हाल ही में 8 नवंबर को हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत भी हो गई। ज्ञापन में बताया गया कि यह ठेका राजस्थान आबकारी नियम के विरुद्ध है

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शाहपुरा क्षेत्र में एक लाइसेंस पर कई दुकानों से शराब बिक्री हो रही है और आबकारी विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। ग्रामवासियों ने चेतावनी दी कि यदि ठेका जल्द नहीं हटाया गया, तो वे सामूहिक आंदोलन करेंगे। ज्ञापन में भारत लाल, गौतम वैष्णव, रमेश वैष्णव, धन्नाराम भील, नारायण भील, विट्ठल शर्मा सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शाहपुरा में आखरिया के जंगल में मिला युवक का शव चार दिन से था लापता

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(किशन वैष्णव)** क्षेत्र के फुलिया गेट के बाहर स्थित आखरिया के जंगल में रविवार को एक कुएं में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की सोमवार को पहचान धनराज पुत्र बद्री भील उम्र 23 वर्ष निवासी फुलिया गेट, शाहपुरा के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, 4 नवंबर की सुबह धनराज रोज की तरह अपनी बकरियां चराने के लिए जंगल की ओर गया था। शाम तक बकरियां तो घर लौट आई, लेकिन धनराज घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। चूंकि वह अक्सर दो से तीन दिन तक घर से बाहर रहता था, इसलिए परिवार ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई।रविवार दोपहर करीब 2 बजे आखरिया क्षेत्र के कुछ ग्रामीणों ने जंगल में बने एक पुराने कुएं में तैरता हुआ शव देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची।फुलिया गेट क्षेत्र के कुछ युवकों ने फिर से अधिकारियों को अवगत कराया, जिसके बाद बीट कांस्टेबल बदन सिंह और बनवारी कुमावत मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकलवाया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि शव करीब तीन से चार दिन पुराना है और काफी हद तक सड़ चुका था। कुएं के पास शराब की खाली बोतलें पड़ी मिलीं, वहीं पैरों पर चोट के निशान भी पाए गए।

मृतक की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव को शाहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाया, जहां पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा।घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए थे।

# बोरड़ा बावरियान पेड़ कटाई कांड में छोटे अफसर बने बलि के बकरे, बड़े अधिकारी अब भी जांच से बाहर

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचंद पेसवानी।** शाहपुरा के बोरड़ा बावरियान वन क्षेत्र में हुए बबूल के पेड़ों की अवैध कटाई कांड ने अब नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में की गई विभागीय कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि जांच की आड़ में निचले स्तर के कर्मचारियों पर गाज गिरी, जबकि वास्तविक जिम्मेदार अधिकारी अब भी जांच से बाहर हैं।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले सामने आए इस मामले में सैकड़ों बबूल के पेड़ जेसीबी मशीनों से उखाड़ दिए गए थे। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बड़ी मात्रा में लकड़ी ट्रैक्टरों में भरकर ले जाई गई, परंतु वन विभाग तब हरकत में आया जब मामला मीडिया में उछला।

मामले के तूल पकड़ने के बाद सोमवार को मुख्य वन संरक्षक (अजमेर) ख्याति माथुर ने कार्रवाई करते हुए वन क्षेत्राधिकारी प्रभुराम धूण, सहायक वनपाल विश्राम मीणा और वनरक्षक शंकरलाल माली को निलंबित कर दिया। विभाग ने इन्हें लापरवाही का दोषी बताया है, लेकिन पेड़ कटाई की अनुमति किसने दी, इसका जवाब अब तक कोई नहीं दे पाया है। सूत्रों के मुताबिक, मौके पर तैयार किया गया मौका परचा और विभागीय प्राथमिकी अब



तक धूल फांक रही है। न तो ठेकेदार का नाम उजागर हुआ है और न ही लकड़ी परिवहन में शामिल लोगों की जांच आगे बढ़ी है। खबर सामने आने के बाद विभाग ने इसे विधि सम्मत कार्य बताकर मामले को दबाने की कोशिश की। जब पत्रकारों ने अनुमति संबंधी दस्तावेज मांगे, तो अधिकारी कुछ भी प्रस्तुत नहीं कर सके। अब विभाग द्वारा तीन छोटे कर्मचारियों पर गाज गिराकर अपने दामन को साफ दिखाने की कोशिश की जा रही है।

## जनता और कांग्रेस का आक्रोश

मामले को लेकर ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों में गहरा रोष है। लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी कटाई बिना बड़े अधिकारियों की जानकारी के संभव नहीं है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे पर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला और उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि विभाग बड़े अधिकारियों को बचाने और निचले कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाने में जुटा है। उनका कहना है कि यह मामला वन माफियाओं और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत का परिणाम है। उन्होंने स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग की है।

## भाजपा की चुप्पी से बढ़ी चर्चा

वहीं दूसरी ओर, भाजपा की चुप्पी भी लोगों को हैरान कर रही है। अब तक किसी भी भाजपा नेता ने इस मुद्दे पर बयान नहीं दिया है, जिससे राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि क्या भाजपा की यह चुप्पी किसी समझौते का संकेत है?

## अधिकारियों की अनुपलब्धता पर सवाल

जब इस मामले में जिला वन अधिकारी से संपर्क किया गया तो बताया गया कि वे ÷लंबी यात्रा पर÷ हैं और फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। लोगों ने सवाल उठाया कि इतने बड़े प्रकरण के बीच अधिकारी छुट्टी पर कैसे जा सकते हैं?

## ग्रामीणों के गंभीर आरोप

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि करीब 500 क्विंटल लकड़ी अवैध रूप से काटी और बेची गई। विरोध करने पर उन्हें धमकियां भी दी गईं। ग्रामीणों ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

## जनता के सवाल कायम

अब जनता दो सीधे सवाल पूछ रही है

अगर पेड़ कटाई विधि सम्मत थी तो दस्तावेज कहां हैं?

अगर अवैध थी तो असली दोषी अब तक जेल से बाहर क्यों हैं?

फिलहाल, शाहपुरा में यह मामला 'हरियाली हत्याकांड' के नाम से चर्चा में है। सोशल मीडिया पर भी लोग विभाग की कार्रवाई को दिखावटी बता रहे हैं। अब देखना यह होगा कि क्या सरकार और वन विभाग इस मामले की गहराई तक जाकर असली दोषियों तक पहुंचता है या नहीं। बोरड़ा बावरियान का जंगल ही नहीं उजड़ा, जनता का भरोसा भी हिल गया है।

## QUICK BITES

# सामाजिक अंकेक्षण ग्राम सभा आयोजित, विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**भीलवाड़ा फोकस @ शकरगढ़**



ग्राम पंचायत बरोदा में सोमवार को सामाजिक अंकेक्षण ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंचायत परिसर में किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। अंकेक्षण दल द्वारा मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य विभागीय योजनाओं के तहत हुए कार्यों की जानकारी ग्रामवासियों के समक्ष रखी गई।ग्रामसभा सहायक विकास अधिकारी रामनारायण मीना के मुख्य अतिथि में आयोजित हुई । इस अवसर पर बीआरपी चंदा मीना, कनिष्ठ लिपिक महावीर टेलर, ज्योति कुम्हार, विजय लाल मीना, गोपाल मीना, पूजा गुर्जर सहित पंचायत स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिवनगर कॉलोनी जोधड़ासा में रोड निर्माण नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शिवनगर कॉलोनी जोधड़ासा में सड़क निर्माण कार्य लंबे समय से अधर में लटका हुआ है, जिसके कारण स्थानीय निवासियों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में यह रास्ता कीचड़ और गड्ढों से भर जाता है, जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। वहीं, दैनिक जरूरतों जैसे बच्चों के स्कूल जाने और आपात स्थिति में एंबुलेंस तक पहुंचने में भी दिक्कतें आती हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से रोड निर्माण की मांग की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग की है, ताकि उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रमः जिले में अब तक 7.87 लाख परिगणना परिपत्रों का वितरण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाताओं की जानकारी अद्यतन करने का कार्य जोरशोर से चल रहा है। अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से परिगणना प्रपत्र भरवा रहे हैं। अब तक जिले में 7 लाख 87 हजार 467 परिगणना परिपत्रों का वितरण किया जा चुका है। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे परिगणना प्रपत्र भरने में बीएलओ का सहयोग करें और सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि मतदाताओं की सही मैपिंग पूर्ववर्ती मतदाता सूची से की जा सके।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों की अनुपालना में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी लगातार फील्ड में निरीक्षण कर रहे हैं और बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर परिगणना परिपत्रों का वितरण कर रहे हैं। आसींद विधानसभा क्षेत्र में 1,35,054, मांडल में 1,11,313, सहाड़ा में 1,18,605, भीलवाड़ा में 91,165, शाहपुरा में 1,18,788, जहाजपुर में 1,06,592 और मांडलगढ़ में 1,05,950 परिगणना प्रपत्र वितरित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि परिगणना अवधि के दौरान जिन मतदाताओं की मैपिंग पूर्व विशेष पुनरीक्षण से हो जाएगी, उन्हें किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि वे इस विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें और निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू एवं सफल बनाने में सहभागी बनें।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।